संक्रमणों का इतिहास और प्रतिरोध की हकीकत

अश्विन साई नारायण शेषशायी

चिकित्सा तथा जैव-चिकित्सा विज्ञान में आजकल एक प्रमुख चुनौती एंटीबायोटिक प्रतिरोध की है। यह वह परिघटना है जिसके तहत संक्रामक रोगों के कारक - जैसे बैक्टीरिया - अब 'चमत्कारिक औषधियों' का प्रत्युत्तर नहीं देते। आइए हम मानव इतिहास में संक्रामक रोगों की भूमिका के रास्ते इस परिघटना को समझने की कोशिश करते हैं। इसमें हम यह भी देखेंगे कि पिछली सहस्राब्दियों में इन्हें समझने और इनका उपचार करने के हमारे नज़रिए क्या रहे हैं। हम हाल के वर्षों में एंटीबायोटिक दवाइयों के उपयोग व दुरुपयोग पर नज़र डालेंगे और यह देखेंगे कि इसके परिणामस्वरूप एंटीबायोटिक प्रतिरोध कैसे पैदा हुआ है। हम यह देखेंगे कि पर्यावरण में कुदरती एंटीबायोटिक्स प्राचीन समय से मौजूद रहे हैं और प्रतिरोध की समस्या अपरिहार्य थी। इसके साथ ही आगे की संभावनाओं पर भी विचार करेंगे।

इतिहास में संक्रामक रोग

संक्रामक रोग हज़ारों सालों से मानव जाति पर अंकुश का काम करते आए हैं। खेती के विकास के साथ मानव जनसंख्या घनत्व में विस्फोटक वृद्धि और आगे चलकर नगर-राज्यों के संगठन ने परस्पर संपर्क को बढ़ावा दिया होगा। यहां तक भी कहा जा सकता है कि रोग पैदा करके ऐसी घनी आबादियों में संख्या वृद्धि करने और फैलने की क्षमता ने कुछ बैक्टीरिया में घातकपन के विकास में योगदान दिया होगा। वास्तविक तस्वीर शायद ज़्यादा पेचीदा होगी मगर यह सरल वर्णन भी बहुत गलत नहीं है।

इस बात के प्रमाण हैं कि वर्ष शून्य से एक सहस्राब्दि पहले मिस्री फरोआ रामेसेस पंचम को शायद चेचक हुआ था। चेचक वह घातक वायरसजन्य रोग है जिसका अब सफाया कर दिया गया है। आयुर्वेद ग्रंथ चरक संहिता और उसके समकालीन हिपोक्रेटस की चिकित्सा संहिताओं

में टीबी को क्रमश: शोशा रोग/राज्यक्षमा और थायसिस कहा गया है। ये ग्रंथ 500 ईसा पूर्व से पहली ईस्वीं सदी के बीच के हैं। टीबी एक बैक्टीरियाजनित रोग है जो आजकल काफी महत्वपूर्ण हो गया है। उपरोक्त संहिताओं में कुष्ठ का उल्लेख भी है। यह भी एक बैक्टीरिया जनित रोग है। संभव है कि टीबी और कुष्ठ के बैक्टीरिया का एक साझा पूर्वज रहा होगा। उक्त दोनों ही ग्रंथों में रुक-रुककर आने वाले बुखार का भी ज़िक्र है जो विभिन्न किस्म के मलेरिया का लक्षण है। मलेरिया न तो बैक्टीरिया की वजह से होता है न ही वायरस की वजह से। यह तो एक प्रोटोज़ोआ जीव की करतूत है।

अपने विस्तार व आबादी की अभूतपूर्व स्थिति वाले रोमन साम्राज्य को कई बार प्लेग का सामना करना पड़ा था। प्लेग एक और बैक्टीरियाजनित रोग है। 1990 के दशक में सूरत में हुए प्रकोप के बाद भारत में इसकी काफी चर्चा हुई थी। प्लेग ने 14वीं सदी में युरोप को तहस-नहस कर दिया था। चीन से शुरु होकर युरोप तक पहुंचने के अपने मार्ग में यह विनाश के चिंह छोड़ता गया था। इसे 'ब्लैक डेथ' यानी 'काली मृत्यु' की संज्ञा दी गई थी। एक मत यह है कि इस प्लेग ने उन सामाजिक परिवर्तनों को लाने में भूमिका अदा की थी जिनकी परिणति अंतत: पुनर्जागरण या रिनेसां में हुई थी। यह भी माना जाता है कि लोकप्रिय बाल गीत 'रिंग-ए-रिंग रोज़ेस' वास्तव में प्लेग से पीड़ित बच्चों के रोग के लक्षणों से प्रेरित होकर लिखा गया था... "एंड वी ऑल फॉल डाउन डेड।" अपेक्षाकृत हाल की सदियों में बैक्टीरिया जनित निमोनिया और हैजा की भयानक महामारियां और विश्वव्यापी महामारियां हुई हैं। यहां हम विभिन्न सांस सम्बंधी वायरसों और बहु-औषधि प्रतिरोधी बैक्टीरिया की बात करेंगे। हालांकि उपरोक्त सूची चुनिंदा ऐतिहासिक महामारियों को ही दर्शाती है मगर इससे मनुष्य और संक्रामक रोगों के सह-अस्तित्व के लंबे इतिहास की झलक तो मिल ही गई होगी। इससे यह भी पता चलता है कि एक समूह का जैविक संघटन दूसरे के लिए किस तरह की चुनौतियां प्रस्तुत करता है।

ऐतिहासिक समझ

हालांकि मानव जाति प्राचीन समय से ही संक्रामक रोगों से पीड़ित रही है, मगर इनकी पैथॉलॉजी की समझ हाल ही में विकसित हुई है। हिपोक्रेटस और उसी काल के आयुर्वेदिक चिकित्सक वे पहले लोग थे जिन्होंने बीमारी के कारणों को पारलौकिक शक्तियों से अलग करके देखना शु डिग्री किया था। अलबत्ता, बीमारियों को कतिपय द्रवों के संतुलन, जिस पर मौसम और भोजन जैसे बाहरी कारकों का असर हो सकता है, में गड़बड़ी के लक्षणों के रूप में देखने के उनके सिद्धांत हमारे आज के ज्ञान की तुलना में अत्यंत सरलीकृत थे। मगर रोग-उत्पत्ति के उनके सिद्धांतों की वैधता की चिंता न करें, तो उन चिकित्सकों ने उनके पास उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के कारगर प्रयास किए होंगे। बहरहाल, उन्होंने बीमारी के कीटाणु सिद्धांत का अंदेशा नहीं किया था। वह तो उनके समय के 2000 साल बाद फलने-फूलने लगा।

यह विचार कि कीटाणु बीमारियां पैदा करते हैं, युरोप में एक इतालवी व्यक्ति गिरोलेमो फ्राकेस्टारो ने प्रचलित किया था। उन्होंने मध्य सोलहवीं सदी में यह सुझाया था कि हवा के माध्यम से फैलते कुछ कणों के संपर्क से बीमारियां होती हैं। इसकी अगली सदी में कुछ जीवों के स्वत: जनन के सिद्धांत को फ्रांसेस्को रेडी ने खारिज कर दिया था। यह सिद्धांत कहता था कि कुछ जीव अपने आप निर्जीव पदार्थों में से प्रकट हो जाते हैं। इसके बाद सूक्ष्मजीव विज्ञान के जनक एन्तोन फान ल्यूवेनहूक ने सूक्ष्मदर्शी की मदद से सूक्ष्मजीवों को देखा और उनका वर्णन 'एनिमलक्यूल्स' के रूप में किया था।



1767 में होलवेल ने एक पुस्तक/निबंध (जिसका लंबा-सा शीर्षक था "एन अकाउंट ऑफ दी मैनर ऑफ इनॉक्यूलेटिंग फॉर स्माल पॉक्स इन दी ईस्ट इंडीज़ विद सम ऑब्सर्वेशन्स ऑन दी प्रैक्टिस एंड मोड ऑफ ट्रीटिंग दैट डीसीज़ इन दोस पार्ट्स") में बताया था कि कैसे बंगाल के कुछ ब्राह्मण स्थानीय बाशिंदों को ऐसे लोगों के मवाद से बने एक मिश्रण से 'इनॉक्यूलेट' करते हैं जिन्हें एक वर्ष पहले चेचक हुआ था। यह इनॉक्यूलेशन, जो वर्तमान टीकाकरण का पूर्ववर्ती कहा जा सकता है, मौसमी चेचक महामारी की शुरुआत से पहले किया जाता था और संभव है कि भारत में यह 1000 ईस्वीं में प्रचलित था।

ऐसा प्रतीत होता है कि इन चिकित्सकों के दिमाग में बीमारियों का कीटाणु सिद्धांत था और उनका तर्क था कि छूत के रोग "वातावरण में तैरते अनगिनत एनिमलक्यूलेट से पैदा होते हैं... (जो) एक खास मौसम में कम या ज़्यादा संख्या में लौटते हैं (और) सांस की क्रिया के दौरान सारे जंतुओं के शरीर के अंदर-बाहर आते-जाते रहते हैं।"

मध्य-उन्नीसवीं सदी में इग्नेज़ सेमेलवाइस और जॉन स्नो के कार्यों से क्रमश: प्यूरपेरल ज्वर और हैज़ा महामारी के भौतिक स्रोत पहचाने गए। इन निष्कर्षों के फलस्वरूप बीमारी की

रोकथाम के लिए अस्पताल कर्मियों के हाथों को क्लोरीन से संक्रमण मुक्त करने और संक्रमण के स्रोत के रूप में पहचाने गए कुओं को बंद करने जैसे सरल उपाय सामने आए। इससे पहले ऑगस्टिनो बास्सी ने संक्रमण के एक स्रोत के रूप में एक 'वनस्पति परजीवी' की पहचान की थी जो रेशम उद्योग को तबाह कर रहा था।

इन शुरुआती अध्ययनों के बावजूद, 'कीटाणु' और बीमारी के बीच की कड़ी की औपचारिक खोजबीन उन्नीसवीं सदी के अंत में लुई पाश्चर और रॉबर्ट कोच की बदौलत शु डिग्री हुई थी। किसी कीटाणु और किसी बीमारी के बीच कड़ी स्थापित करने के सम्बंध में कोच के नियम आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। लगभग 30 वर्ष पहले स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टेनले फाल्कोव ने इन्हें 'कोच के आणविक नियमों' के रूप में विस्तार दिया है। पौल डी क्रुइफ द्वारा 1926 में लिखित पुस्तक दी माइक्रोब हंटर्स संक्रामक रोगों की खोजों में रुचि रखने वाले हर व्यक्ति को अवश्य पढ़नी चाहिए।

<u>एंटीबायोटिक से पहले</u>

कीटाणु सिद्धांत से पहले संक्रामक रोगों का उपचार मूलत: जड़ी-बूटियों पर आश्रित था। प्राचीन आयुर्वेद तथा हिपोक्रेटस के समय में विचार यह था कि ये बीमारियां कतिपय 'तरलों' (ह्यूमर्स) में विकार के कारण पैदा होती हैं। इसका मतलब यह था कि आप ऐसे हस्तक्षेप विकसित करेंगे जो इन विकारों को ठीक कर दें।

अब्बासिद खिलाफत (8वीं से 13वीं सदी) की राजधानी बगदाद, जो उस समय बौद्धिक गतिविधियों का केंद्र था, में संक्रामक रोगों पर अंकुश लगाने के लिए संग-रोध (अलग-थलग करने) के तरीके अपनाए जाते थे। इब्न सिना ने बगदाद में सैकड़ों औषधीय नुस्खों का विवरण दिया है। उनकी पुस्तक के लैटिन अनुवाद का उपयोग युरोप की चिकित्सा पाठ्य पुस्तकों में अगले 500 वर्षों तक होता रहा था। नवीं सदी के एंग्लो-सैक्सन ग्रंथ लीचबुक ऑफ बाल्ड में कुछ संक्रामक रोगों के उपचार के लिए नुस्खे बताए गए हैं। हम इस पर थोड़ी देर में लौटेंगे।

मलेरिया-रोधी औषधि आर्टीमिसिनीन, के लिए 2015 का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। यह उस अर्थ में कोई एंटीबायोटिक नहीं है, जिस अर्थ में हम आजकल एंटीबायोटिक (बैक्टीरिया नाशक) को समझते हैं। बहरहाल, जिस वनस्पति से आर्टीमिसिनीन प्राप्त की गई है उसका उपयोग चीनी चिकित्सा प्रणाली में संभवत: 300-200 ईसा पूर्व से किया जा रहा है।

इनमें से कई उपचार तथा अन्य सभ्यताओं व संस्कृतियों द्वारा इस्तेमाल किए गए उपचार अनुभव से उभरे थे और कारगर रहे होंगे, चाहे उनमें संक्रामक रोगों के कारणों को लेकर अनभिज्ञता थी।

एक दिलचस्प बात यह है कि सूडान के नुबियावासियों और रोमन मिस्र वासियों के कंकालों के अवशेषों (400 ईस्वीं) पर आजकल के एक एंटीबायोटिक टेट्रासायक्लीन के अंश मिले हैं। यह अंदाज़ लगाना मुश्किल है कि क्या यह टेट्रासायक्लीन उनकी किसी वनस्पति औषधि का

घटक था या उनके भोजन का हिस्सा था। देखा जाए, तो हम जिन एंटीबायोटिक्स का उपयोग करते हैं, उनमें से कई प्राकृतिक उत्पाद हैं। हम आगे देखेंगे कि यही बात एंटीबायोटिक प्रतिरोध को अपरिहार्य बना देती है।

संक्रामक रोगों के खिलाफ टीकाकरण का एक लंबा इतिहास है और लगता है कि भारत में 1000 साल पूर्व इसके उपर्लिखित उपयोग का सम्बंध बीमारी के कीटाणु सिद्धांत को स्वीकार करने से था। टीकाकरण चीन में भी 14वीं सदी में और अरब विश्व में 12वीं सदी में होता था। इस प्रथा को युरोप में एडवर्ड जेनर ने 18वीं सदी के अंत में औपचारिक रूप दिया था। अलबत्ता, आज भी बैक्टीरिया संक्रमण के खिलाफ टीकाकरण कभी-कभार ही सफल रहता है - हमारे बच्चों के लिए टीकाकरण की सूची पर नज़र डालने से स्पष्ट हो जाता है कि अधिकांश टीके बैक्टीरिया नहीं बल्कि वायरस जनित रोगों के लिए हैं। यहां यह स्पष्ट कर दें कि एंटीबायोटिक्स, जिन्होंने आगे चलकर चिकित्सा विज्ञान में क्रांति ला दी थी, के विपरीत टीके संक्रमण का इलाज नहीं करते। वे तो प्रतिरक्षा तंत्र को तैयार करते हैं ताकि संक्रमण से सुरक्षा मिले।

<u>एंटीबायोटिक का युग</u>

मुर्गियों और पशुपालन में एंटीबायोटिक का उपयोग एक बड़े परिवर्तन का द्योतक है - इसके साथ ही एंटीबायोटिक का उपयोग बैक्टीरिया संक्रमण के इलाज की बजाय संक्रमण की रोकथाम के लिए होने लगा। इसकी वजह से इन दवाइयों के उपयोग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। संक्रामक रोगों के उपचार में दवाइयों के उपयोग की सबसे सफल गाथा एंटीबायोटिक क्रांति की है। इसकी शुरुआत पौल एहर्लिश द्वारा 1910 में 'जादुई गोली' के नाम से मशहूर सालवार्सन नामक औषधि के उपयोग के साथ शुरु हुई थी। यह एक आर्सेनिक-आधारित दवा है जिसका उपयोग सिफलिस के उपचार में किया गया था। इसके कुछ ही समय बाद बायर ने पहली सल्फोनामाइड दवा प्रस्तुत की। निर्णायक मोड़ तो एलेक्ज़ेडर फ्लेमिंग द्वारा पेनिसिलीन की खोज तथा हॉवर्ड फ्लोरी द्वारा इसके उत्पादन के साथ आया था। इसने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तथा उसके बाद संक्रमणों के इलाज में बड़ी भूमिका निभाई। पेनिसिलीन एक प्राकृतिक रसायन है जिसका उत्पादन एक किस्म की फफूंद (जिसे मोल्ड कहते हैं) करती है। गौरतलब है कि प्राचीन लोगों में कुछ संक्रमणों के इलाज के लिए खास किस्म की मोल्ड खाने की प्रथा प्रचलित थी।

पेनिसिलीन एक एंटीबायोटिक है जो बैक्टीरिया को उसकी कोशिका भित्ती बनाने से रोकता है। बैक्टीरिया एक कोशिकीय होते हैं और उनमें जो कुछ होता है और जो कुछ भी उन्हें एक जीव बनाता है, वह सब एक नाज़ुक डिटर्जेंट नुमा झिल्ली में बंद रहता है और इस झिल्ली के आसपास एक कठोर कोशिका भित्ती होती है। कोशिका भित्ती शर्कराओं और अमीनो अम्लों की आपस में सख्ती से जुड़ी श्रृंखलाओं से बनी होती है। यदि यह सुरक्षात्मक कोशिका भित्ती बनाना असंभव हो जाए, तो नाज़ुक झिल्ली पर्यावरण के संपर्क में आ जाती है और तेज़ी से

ध्वस्त हो जाती है। इसके साथ ही बैक्टीरिया का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। हमारी कोशिकाओं में कोशिका भित्ती नहीं होती और हमारे लिए सिर्फ झिल्ली से ही काम चल जाता है। इसका मतलब हुआ कि पेनिसिलीन हमारी कोशिकाओं का ज़्यादा नुकसान नहीं कर सकती। लिहाज़ा यह एक निरापद दवा है जो सिर्फ बैक्टीरिया को मारती है और हमें अछूता छोड़ देती है। हां, यह अवश्य है कि पेनिसिलीन की अति-खुराक लीवर को क्षति पहुंचाती है वगैरह मगर वह एक अलग ही कहानी है।

कोशिका भित्ती के अलावा बैक्टीरिया की और भी दुखती रगें हैं। ये वे जैव-रासायनिक कार्य हैं जो उनके जीवन के लिए ज़रूरी हैं मगर कुछ इस तरह विकसित हुए हैं कि इनको सम्पन्न करने वाले अणु मनुष्य में इन्हीं कार्यों के लिए ज़िम्मेदार अणुओं से बहुत अलग होते हैं। इसका मतलब है कि ऐसी औषधियां तैयार की जा सकती हैं जो विशेष रूप से बैक्टीरिया के इन गुणों पर प्रहार करे जबकि मनुष्य के जैव-रसायनों को अछूता छोड़ दे। उदाहरण के लिए टेट्रासायक्लीन, अमीनोग्लायकोसाइड और मैक्रोलाइड्स जैसे एंटीबायोटिक बैक्टीरिया की प्रोटीन बनाने वाली मशीनरी में बाधा पहुंचाते हैं, मगर मानव कोशिका की प्रोटीन मशीनरी को नहीं। कई ऐसे एंटीबायोटिक बनाए गए हैं जिन्होंने दुनिया भर में संक्रमणों को नियंत्रित किया और मनुष्य की औसत आयु में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सब कुछ बहुत खुशगंवार लग रहा था। गैर-ज़िम्मेदाराना उत्साह से भरपूर, हमने स्वयं और अपने पर्यावरण को एंटीबायोटिक से पाट दिया: हर छोटी-मोटी तकलीफ के लिए एंटीबायोटिक लेने लगे। आखिर आकर्षक सुनहरे पैकिंग में जेनेरिक एमॉक्सिसिलीन डॉक्टर की पर्ची के बगैर हमारा केमिस्ट उदारता से दे देता है और कीमत भी ज़्यादा नहीं होती। ये कई अन्य तरीकों से भी पर्यावरण में पहुंचे: पशुओं और मुर्गियों को वृद्धि प्रोत्साहक के रूप में और संक्रमणों की रोकथाम के लिए दिए जाने पर, औद्योगिक कचरे के रूप में नदियों और जलमार्गों में बहाए जाकर, और प्रयोगशालाओं में जेनेटिक इंजीनियरिंग के प्रयोगों के दौरान। खास तौर से पशुओं और मुर्गियों को एंटीबायोटिक खिलाया जाना एक प्रमुख बदलाव था जब एंटीबायोटिक का उपयोग संक्रमणों के उपचार की बजाय उनकी रोकथाम के लिए होने लगा। इसकी वजह से इन दवाइयों के उपयोग में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

भरपूर आत्मविश्वास और तथाकथित दूरदृष्टि के साथ हमने मान लिया कि संक्रामक रोग अब अतीत की बात हो चुके हैं और इन विषयों में अनुसंधान के लिए फंडिंग में कटौती कर दी गई। बदकिस्मती से, हमने जैव विकास को ध्यान में नहीं रखा था। अगली बार इसी की बात करेंगे। **(स्रोत फीचर्स)**

प्रतिरोध अपरिहार्य मगर अलंघ्य नहीं

अश्विन साई नारायण शेषशायी

प्रतिरोध की समस्या हमारे साथ रहेगी मगर ज़रूरी नहीं कि यह प्रलयंकारी हो। मानवजाति के सामने चुनौती यह है कि इसके साथ कदम मिलाकर चले और नए-नए गुणों वाले नए-नए एंटीबायोटिक का प्रवाह बनाए रखे।
व्यापारिक रूप से उपलब्ध होने से पहले ही पेनिसिलीन के खिलाफ प्रतिरोध के विवरण दिए जा चुके थे। सारे जीव कम या ज़्यादा रफ्तार से विकास करते हैं। बैक्टीरिया की आबादी बहुत विशाल है और उनकी प्रजनन की गति भी बहुत तेज़ है। परिणाम यह होता है कि मात्र संयोग से उनमें बड़ी संख्या में बेतरतीब जेनेटिक विविधता पैदा होती है। इन विविध रूपों में से कुछ में एंटीबायोटिक्स के खिलाफ प्रतिरोध हो सकता है। यह भी ज़रूरी नहीं है कि खुद किसी बैक्टीरिया में उत्परिवर्तन हो तभी उसके गुणसूत्र प्रतिरोधी बनेंगे। हालांकि प्रतिरोधी मायकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस इसी तरह विकसित हुआ है किंतु बैक्टीरिया एंटीबायोटिक प्रतिरोध के कारक आपस में साझा भी कर सकते हैं - इसे क्षैतिज जीन हस्तांतरण कहते हैं। प्रतिरोध आम तौर पर प्रोटीन्स द्वारा प्रदान किया जाता है - कुछ प्रोटीन्स एंटीबायोटिक को परिवर्तित करके उन्हें गैर-विषैले पदार्थों में तबदील कर देते हैं या कुछ प्रोटीन्स होते हैं जो एंटीबायोटिक्स को बैक्टीरिया की कोशिका के बाहर फेंक देते हैं; या ऐसे फेरबदल करते हैं जो कोशिका के अंदर एंटीबायोटिक को उसके लक्ष्य तक पहुंचने में अवरोध पैदा करते हैं, या एंटीबायोटिक जिस स्थान को निशाना बनाता है उसमें परिवर्तन कर देते हैं जिसके चलते उस पर एंटीबायोटिक का कोई असर ही नहीं होता।

यदि कोई पर्यावरण एंटीबायोटिक से लबालब हो, तो बैक्टीरिया के जो रूप उस दवा के हमले को झेल सकते हैं वे अन्य रूपों से प्रतिस्पर्धा में जीत जाते हैं और धीरे-धीरे आबादी में उनका ही बोलबाला हो जाता है। अंतत: होता यह है कि बड़ी संख्या में बैक्टीरिया हमारे शस्त्रों से भेदे नहीं जा सकते। जैसे तेज़ी से संख्या वृद्धि करने वाले राक्षस हों और कोई बेबस देवता उन पर निष्प्रभावी शस्त्रों से आक्रमण कर रहा हो।
यह समझना बहुत मुश्किल नहीं है कि एंटीबायोटिक के अति-उपयोग के चलते एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया का चयन कमोबेश निरंतर ढंग से होता रहेगा: ऐसी परिस्थिति में बैक्टीरिया को एंटीबायोटिक-मुक्त पर्यावरण यदा-कदा ही मिलेगा और इसका परिणाम यह होगा कि ऐसे बैक्टीरिया बहुत कम संख्या में बच पाएंगे जो उस एंटीबायोटिक से भेद्य हों। और दवाइयों के खिलाफ प्रतिरोध सिर्फ बैक्टीरिया तक सीमित नहीं है। एच.आई.वी. के ऐसे रूप मौजूद हैं जो उपचार में काम आने वाले प्रोटिएज़ अवरोधक के प्रतिरोधी हैं। क्लोरोक्वीन प्रतिरोधी मलेरिया परजीवी को तो हम सब जानते हैं। और तो और, कैंसर कोशिकाएं भी

कीमोथेरपी के प्रति ज़िद्दी हो जाती हैं।

समस्या इसलिए और भी पेचीदा हो जाती है क्योंकि अधिकांश एंटीबायोटिक्स 'विस्तृत परास' वाले हैं। विस्तृत परास इस मायने में कि वे विशिष्ट किस्म के कुछेक बैक्टीरिया को नहीं बल्कि तमाम किस्म के बैक्टीरिया को मारते हैं। विस्तृत परास के एंटीबायोटिक विकसित करने के कुछ उपयोगी कारण भी हैं: डॉक्टर के लिए हमेशा व्यावहारिक तौर पर संभव नहीं होता कि वह स्पष्ट रूप से उस बैक्टीरिया की शिनाख्त करे जिसके कारण संक्रमण हुआ है। ऐसी स्थिति में एक सामान्य एंटीबायोटिक ज़्यादा काम का होता है। विस्तृत परास वाले एंटीबायोटिक के पीछे कुछ व्यावसायिक कारण भी हैं। दूसरी ओर, विस्तृत परास वाले एंटीबायोटिक की उपस्थिति का मतलब यह होता है कि सिर्फ लक्षित बैक्टीरिया में ही प्रतिरोध पैदा नहीं होगा बल्कि कई सारे हानिरहित बैक्टीरिया भी प्रतिरोधी बन जाएंगे। फिर अंततः क्षैतिज जीन हस्तांतरण के ज़रिए यह प्रतिरोध कई अन्य बैक्टीरिया में भी पहुंच जाएगा।

प्रतिरोध अपरिहार्य है

आइए, कोशिका भित्ती को लक्ष्य बनाने वाले एंटीबायोटिक्स का उदाहरण लेकर प्रतिरोध की उत्पत्ति को समझने का प्रयास करते हैं। पेनिसिलीन के खिलाफ प्रतिरोध का पहला स्रोत तो था लक्षित बैक्टीरिया में कतिपय एंज़ाइम्स की उपस्थिति। बीटालैक्टेमेज़ नामक ये एंज़ाइम्स पेनिसिलीन को हानिरहित पदार्थों में बदल देते हैं। बैक्टीरिया मनुष्यों की तुलना में कहीं अधिक तेज़ी से विकसित हो सकते हैं मगर अपने बड़े से दिमाग की बदौलत मनुष्य को नए विचार पैदा करने के लिए विकसित होने की ज़रूरत नहीं पड़ती। लिहाज़ा, वैज्ञानिकों ने पलटवार किया और पेनिसिलीन के ऐसे रूप तैयार किए जो पेनिसिलीन का मूल काम (यानी बैक्टीरिया को कोशिका भित्ति बनाने से रोकने का काम) तो कर सकते थे मगर बीटालैक्टेमेज़ से अप्रभावित रहते थे। बढ़िया! दिक्कत यह है कि बैक्टीरिया विकास करते हैं और तेज़ी से करते हैं। बैक्टीरिया की नई रणनीति यह थी कि उस प्रोटीन में उत्परिवर्तन कर लिया जाए जिस पर पेनिसिलीन प्रहार करता है। इस तरह से बैक्टीरिया पेनिसिलीन और उसके कई परिवर्तित रूपों के खिलाफ प्रतिरोधी हो गए।

बैक्टीरिया ने बीटालैक्टेमेज़ के ऐसे कई परिवर्तित रूप भी खोज लिए जो मनुष्य द्वारा निर्मित विभिन्न किस्म की पेनिसिलीन का विघटन कर सकते थे। संभवतः आज एंटीबायोटिक की मात्र दो ऐसी किस्में हैं जो विस्तृत परास वाले बीटालैक्टेमेज़ बनाने वाले ई. कोली बैक्टीरिया को निशाना बना सकते हैं। ये बैक्टीरिया मूत्र मार्ग में संक्रमण पैदा करते हैं। आज शायद ही कोई रोगकारी बैक्टीरिया हो जो मूल पेनिसिलीन का प्रतिरोधी न होगा (संभवतः एकमात्र अपवाद ट्रेपोनोमा पैलिडम है जो सिफलिस पैदा करता है)।
वीकैम कंपनी में कार्यरत ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने खोजा कि हम क्लेवुलेनिक एसिड नामक पदार्थ

की मदद से बीटालैक्टेमेज़ को ही बाधित कर सकते हैं। यह वही मशहूर ऑगमेंटिन (या क्लैवेम) है जिसका उपयोग आजकल डॉक्टर्स प्रथम चरण के एंटीबायोटिक के रूप में करते हैं - यह एमॉक्सिसिलीन (पेनिसिलीन का परिवर्तित रूप) और क्लेवुलेनिक एसिड का सम्मिश्रण है। अलबत्ता, बैक्टीरिया को तो बस इतना ही करना था कि बीटालैक्टेमेज़ का एक परिवर्तित रूप खोज निकाले जो क्लेवुलेनिक एसिड का प्रतिरोधी हो और उन्होंने ठीक यही किया। कहानी अंतहीन है। यहां तक कि एंटीबायोटिक रूपी अंतिम अस्त्र वेंकोमायसीन के साथ भी यही हुआ। कोशिका भित्ती को प्रभावित करने के लिए उसकी संरचना और क्रिया इतनी जटिल है कि बैक्टीरिया को प्रतिरोध हासिल करने के लिए एक प्रोटीन नहीं बल्कि प्रोटीन का समूचा नया तंत्र विकसित करना पड़ा, मगर बैक्टीरिया ने रास्ता खोज ही लिया।

अब हम जानते हैं कि प्रतिरोध अपरिहार्य है। जैसे कि जूलियन और डोरोथी डेविस ने अपने आलेख 'ओरिजिन्स एंड इवॉल्यूशन ऑफ एंटीबायोटिक रेज़िस्टेंस' (एंटीबायोटिक प्रतिरोध की उत्पत्ति और विकास) में लिखा है, "यदि जैव-रासायनिक तरीके से प्रतिरोध पैदा होना संभव है, तो वह पैदा होकर रहेगा।" वैसे यह हमेशा स्पष्ट नहीं होता कि प्रतिरोध जैव-रासायनिक तरीके से संभव है, कम से कम कुछ दशकों या शायद सदियों में भी। मगर जैसा कि हम आगे देखेंगे, इस बात के कई कारण है कि क्यों यह जैव-रासायनिक तरीके से सिर्फ संभव ही नहीं है, बल्कि इसे संभव बनाने की तैयारी करोड़ों वर्षों से की गई है।

शुरुआत काफी पहले हुई

अधिकांश एंटीबायोटिक्स प्राकृतिक यौगिकों के परिवर्तित रूप हैं। और इनमें से कई बैक्टीरिया और फफूंदों की किस्मों द्वारा बनाए जाते हैं। आप देखेंगे कि यही समस्या की जड़ है। कोई भी व्यक्ति जब अपने आसपास के अधिकांश जीवन को तबाह करने के लिए ज़हरीली गैस फेंकेगा तो वह इतना ज़रूर सुनिश्चित कर लेगा कि वह खुद उस गैस का शिकार न बने, और नकाब वगैरह पहनकर रखेगा (हां आत्मघाती हो तो बात अलग है)। इसी तरह से यदि बैक्टीरिया को अपने प्रतिस्पर्धियों पर अंकुश लगाने के लिए एंटीबायोटिक बनाना पड़े, तो वह खुद उसके खिलाफ प्रतिरोधी होगा। इसका मतलब है कि प्रकृति में एंटीबायोटिक का जो उत्पादन लाखों-करोड़ों वर्षों से चल रहा है उसके साथ-साथ प्रतिरोध भी रहा होगा। दरअसल, ऊपर वेंकोमायसीन नामक जिस आखरी शस्त्र की बात की गई थी, वह प्रकृति में एक बैक्टीरिया द्वारा बनाया जाता है। और उसमें प्रोटीन का एक पूरा सेट होता है जो यह सुनिश्चित करता है कि वेंकोमायसीन का उत्पादन खुद उसके लिए घातक न हो।

 और इन एंटीबायोटिक उत्पादक बैक्टीरिया व फफूंद द्वारा जिन बैक्टीरिया को एंटीबायोटिक का निशाना बनाया गया होगा, उन्होंने भी प्रतिरोध विकसित किया होगा जो मानव क्रियाकलापों से पूरी तरह स्वतंत्र था। सूक्ष्मजीव के कातिलों और उनके लक्ष्यों के बीच शस्त्रों की यह होड़ रोचक है। वास्तव में लगता है कि क्लेवुलेनिक एसिड एक पुरानी रणनीति है जिसका उपयोग सूक्ष्मजीव अपने प्रतिस्पर्धियों में पेलिनिसिलीन प्रतिरोध से निपटने के लिए करते थे। यह कोई अचरज की बात नहीं है कि हमें प्रकृति में कई एंटीबायोटिक प्रतिरोधी बैक्टीरिया मिलते हैं। और तो और, कई बैक्टीरिया तो एंटीबायोटिक को दावत की तरह हज़म कर जाते हैं।

यह दलील दी गई है कि प्रतिरोध की कुछ कीमत होती है। जिस बैक्टीरिया के पास किसी एंटीबायोटिक के खिलाफ प्रतिरोध होता है और यदि पर्यावरण में से वह एंटीबायोटिक हटा लिया जाए तो प्रतिरोधी बैक्टीरिया किसी भेद्य बैक्टीरिया से प्रतिस्पर्धा में मात खा जाएगा। यह एंटीबायोटिक प्रतिरोध की लागत है। तो क्या एंटीबायोटिक प्रतिरोध को पलटना संभव है? शायद नहीं। क्यों? यह सही है कि पर्यावरण में एंटीबायोटिक्स का उच्च स्तर मानव-जनित है, मगर कम मात्रा में एंटीबायोटिक तो मिट्टी में, पानी में सदा से मौजूद रहे हैं क्योंकि कुछ बैक्टीरिया स्वयं ही इनका निर्माण करते हैं। हालांकि मनुष्य हर तरफ एंटीबायोटिक उड़ेलते रहते हैं, फिर भी पर्यावरण में इन अणुओं की सांद्रता इतनी नहीं होगी कि बैक्टीरिया आबादी के लिए जानलेवा बन जाए। जैसा कि डिएरमैड ह्यूजेस और डैन एंडरसन ने दर्शाया है, एंटीबायोटिक का अत्यंत अल्प स्तर, चाहे बैक्टीरिया की आबादी के सफाए के लिए नाकाफी हो, मगर यह उन रूपों का चयन अवश्य करेगा जो उस एंटीबायोटिक के प्रतिरोधी हों।

जैसी कि ह्यूजेस और एंडरसन ने कुछ वर्ष पहले भविष्यवाणी की थी और हाल ही में मेरी प्रयोगशाला में शोध छात्र आलाप मोगरे ने प्रयोगों से दर्शाया है, एंटीबायोटिक्स की अल्प सांद्रता में पनप रहे बैक्टीरिया जल्दी ही प्रतिरोध के कम लागत वाले तरीके खोज लेते हैं। दूसरे शब्दों में, एंटीबायोटिक्स की अल्प सांद्रता के तहत प्रतिरोध का विकास जल्दी ही उपरोक्त प्रतिरोध की लागत को समीकरण में से हटा देता है। और इसके साथ ही आशा की वह धुंधली-सी किरण भी गुम हो जाती है जो उभर सकती थी। जो लोग चिकित्सक द्वारा बताई गई खुराक का पालन नहीं करते उनके शरीर में एंटीबायोटिक की अल्प सांद्रता बनी रह सकती है। तो, केमिस्ट से एंटीबायोटिक खरीदकर खाने से पहले दो बार सोचें। और डॉक्टर द्वारा निर्धारित एंटीबायोटिक की खुराक और क्रम को तोड़ने से पहले भी दो बार सोचें।
एंटीबायोटिक प्रतिरोध की आखरी समस्या यह है कि एंटीबायोटिक के खिलाफ प्रतिरोध प्रदान करने वाले अधिकांश प्रोटीन्स ऐसे अत्यंत प्राचीन प्रोटीन्स से सम्बंधित हैं जो बैक्टीरिया की कोशिका में कोई उपयोगी भूमिका निभाते थे। उदाहरण के लिए, बीटालैक्टेमेज़ उन एंज़ाइम्स से सम्बंधित हैं जो सामान्य बैक्टीरिया में कोशिका भित्ती को जमाने में मदद करते हैं। अर्थात, किसी बैक्टीरिया को प्रतिरोध का कोई सर्वथा नवीन तरीका नहीं जुगाड़ना पड़ता बल्कि वह उन्हीं चीज़ों में थोड़ा-बहुत फेरबदल करके काम चला सकता है।

एक नई शुरुआत

एंटीबायोटिक प्रतिरोध को एक गंभीर समस्या मानने के बाद, इस क्षेत्र में काफी अनुसंधान हुए हैं। हम ऐसे नए-नए रास्तों और साधनों की तलाश कर रहे हैं जिनके ज़रिए बैक्टीरिया अपना जीवनयापन करते हैं; हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि एंटीबायोटिक्स इन पर कैसे असर डालते हैं और बैक्टीरिया इनका सामना कैसे करते हैं। मसलन, जे.जे. कोलिन्स की प्रयोगशाला से यह तर्क आया है कि हालांकि अलग-अलग एंटीबायोटिक्स बैक्टीरिया कोशिका में अलग-अलग प्रत्यक्ष लक्ष्यों पर प्रहार करते हैं मगर आम तौर पर वे बैक्टीरिया की किसी अन्य शरीर-क्रिया पर भी असर डालते हैं और इस क्रिया में फेरबदल करके उस बैक्टीरिया में कुछ हद तक प्रतिरोध विकसित हो सकता है।
अकादमिक प्रयोगशालाएं नए एंटीबायोटिक उपचार की रणनीतियों पर अनुसंधान कर रही हैं। रॉय किशोनी की प्रयोगशाला ने व्यवस्थित रूप से यह दर्शाया है कि विभिन्न एंटीबायोटिक के कुछ सम्मिश्रणों के उपयोग से प्रतिरोध की समस्या को कुछ समय के लिए मुल्तवी किया जा सकता है - बशर्ते कि ये एंटीबायोटिक एक साथ नहीं बल्कि एक के बाद एक या किसी खास क्रम में दिए जाएं। एक विचार यह भी है कि स्वयं बैक्टीरिया को मारने की बजाय उसकी बीमारी पैदा करने की क्षमता को खत्म किया जाए। इस तरीके की एक दिक्कत यह होगी कि यदि वह बीमारी पैदा करना उस बैक्टीरिया के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है तो चयन के द्वारा प्रतिरोध पैदा हो जाएगा। कुछ वायरस बैक्टीरिया का भक्षण करते हैं। बैक्टीरिया का इलाज ऐसे वायरसों से करने का विचार फेलिक्स डी'हेरेल ने 1910 के दशक में दिया था और

आज भी कुछ पूर्वी युरोपीय देशों में यह एक प्रायोगिक उपचार है। शायद वक्त आ गया है कि हम इन तरीकों पर नज़र डालें।

मेरे सहकर्मी वरदराजन सुंदरमूर्ति ने मायकोबैक्टीरियम टुबरकुलोसिस का सामना करने के तरीके पर काम किया है। तरीका यह है कि सीधे-सीधे बैक्टीरिया पर हमला न किया जाए, बल्कि बैक्टीरिया अपने मेज़बान में जिन शरीर क्रियाओं पर असर डालता है उन्हें बदला जाए। यह हमारे पूर्वजों के तरीके जैसा लगता ज़रूर है किंतु हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि यह आणविक स्तर पर काफी परिष्कृत ढंग से काम करता है। इसे एक प्रायोगिक उपचार माना जा सकता है जो इस विचार पर आधारित है कि वायरूलेंस (विषाक्तता) हमारे प्रतिरक्षा तंत्र की अति-प्रतिक्रिया के कारण पैदा होता है और इस अति-प्रतिक्रिया को लक्ष्य बनाना वायरूलेंस से निपटने का एक तरीका हो सकता है।
और कुछ प्रयोगशालाओं, जिनमें जीव वैज्ञानिक तथा मानविकी के शोधकर्ता शामिल हैं, ने एक सूक्ष्मजीव-रोधी नुस्खा तैयार किया है जिसका विवरण नौवीं सदी के अंग्रेज़ी ग्रंथ लीचबुक ऑफ बाल्ड में मिलता है। उन्होंने व्यवस्थित खोजबीन के बाद बताया है कि यह बहु-औषधि प्रतिरोधी एमआरएसए बैक्टीरिया को मार सकता है। यहां मलेरिया-रोधी आर्टिमिसिनीन का ज़िक्र मुनासिब है। जड़ी-बूटियों से उपचार को पुनर्जीवित करने के मामले में हमें यह भी विचार करना होगा कि इनके उत्पादन को सामाजिक रूप से उपयोगी स्तर तक बढ़ाने में दिक्कतें होंगी।
आखिर में यही कहा जा सकता है कि प्रतिरोध की समस्या हमारे साथ रहेगी मगर ज़रूरी नहीं यह प्रलयंकारी हो। मानव मस्तिष्क के सामने चुनौती यह है कि इसके साथ कदम मिलाकर चले और नए-नए गुणों वाले नए-नए एंटीबायोटिक का प्रवाह बनाए रखे। साथ ही ऐसे तरीकों की तलाश की जाए जिनसे प्रतिरोध के विकास की गति कम की जा सके। इन तरीकों में सख्त नियमन और नियंत्रण शामिल होंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इनका उपयोग संयम और समझदारी से हो। यह खास तौर से हमारे जैसे देश में बहुत ज़रूरी है। यह संभव है बशर्ते कि हम चौकन्ने बने रहें। **(स्रोत फीचर्स)**

जैव विकास को प्रत्यक्ष देखने का रोमांच

अश्विन साई नारायण शेषशायी

.जैव विकास का अध्ययन करने के लिए जीव वैज्ञानिक जिस औज़ार का उपयोग करते हैं उसे फायलोजेनेटिक्स कहते हैं। इसके अंतर्गत जीव वैज्ञानिक कुछ मापन योग्य गुणों के आधार पर वर्तमान प्रजातियों के बीच अंतरसम्बंध खोजने का प्रयास करते हैं।.

सृष्टिवादियों और वैकासिक जीव वैज्ञानिकों के बीच जीवन की उत्पत्ति को लेकर चली बहस को अक्सर इस रूप में प्रस्तुत किया जाता है जैसे यह जीव विज्ञान और जीव विज्ञान में आम लोगों के विश्वास के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है। मगर वास्तव में यह मुद्दा यूएसए जैसे कुछेक देशों में ही कोई मुद्दा है। इंग्लैण्ड के तो अधिकांश लोग जैव विकास में विश्वास करते हैं। लगभग 1000 लोगों के एक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत के 80 प्रतिशत लोग जैव विकास में यकीन करते हैं। इनमें 85 प्रतिशत ऐसे लोग भी हैं जो ईश्वर को मानते हैं।
यह तो स्पष्ट है कि भारतीय दर्शन व धर्मों में जीवन की उत्पत्ति को लेकर विचार ईसाई धर्म के जेनेसिस से कहीं अधिक जटिल हैं। जैसा कि राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन सम्बंधी अपने ग्रंथ में बताया था, ऋगवेदिक संहिता बहु-ईश्वरवाद से एकेश्वरवाद में और अंतत: अद्वैत में बदल गई। इस परिवर्तन के दौरान इन रचनाओं के लेखक ब्रह्मांड की उत्पत्ति को लेकर अपना आश्चर्य ऐसे सुंदर श्लोकों में व्यक्त करते हैं:
“तो किसे पता है कि यह सब कहां से पैदा हुआ?

ईश्वर तो इस सृष्टि के बाद आए थे, तो फिर किसे पता कि यह कहां से आई?
वह जिससे यह सृष्टि पैदा हुई, उसने इसे बनाया या नहीं, सर्वोच्च आकाश में सर्वोच्च प्रेक्षक, शायद उसे पता है, या शायद उसे भी नहीं पता?”
इसके बाद भारतीय षट्दर्शन में स्पष्टत: धार्मिक से लेकर तर्कवादी सांख्य और खुलेआम नास्तिक और भोगवादी चार्वाक, जिसमें सृष्टा के लिए कोई स्थान नहीं है, तक शामिल हैं। विचार और घरानों की इस विविधता को देखते हुए यह कोई आश्चर्य का विषय नहीं है कि वर्तमान में भारतीय हिंदुओं के लिए जैव विकास की धारणा किसी विवाद को जन्म नहीं देती।
आधुनिक विज्ञान में जैव विकास
आधुनिक जीव विज्ञान पर आते हैं। जीव वैज्ञानिक जैव विकास का अध्ययन कैसे करते हैं? जीव वैज्ञानिकों द्वारा जैव विकास के अध्ययन के लिए एक औज़ार का उपयोग किया जाता है जिसे फायलोजेनेटिक्स कहते हैं। इसके अंतर्गत वैज्ञानिक कोशिश करते हैं कि कुछ मापन योग्य गुणों के आधार पर वर्तमान प्रजातियों के बीच कड़ियां जोड़ें। एक बार ये अंतरसम्बंध

स्थापित हो जाएं, तो तार्किक दलीलों का उपयोग करके यह पता करने की कोशिश की जाती है कि इन मौजूदा जीवों के पूर्वजों की प्रकृति क्या रही होगी। ये मापन योग्य गुण किसी जीव की शरीर रचना से सम्बंधित भी हो सकते हैं और आणविक संघटन से सम्बंधित भी हो सकते हैं।

आनुवंशिक पदार्थ होने के नाते डीएनए फायलोजेनेटिक्स या आणविक जैव विकास के अध्ययन के लिए पसंदीदा अणु है। 1970 के दशक में कार्ल वीस ने डीएनए अनुक्रमण (डीएनए के अणु में क्षारों का क्रम पता करने) की नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके दर्शाया था कि जीवन के तीन प्रमुख समूह (जगत) हैं: बैक्टीरिया, आर्किया (जो कई इंतहाई परिवेशों में मिलते हैं, जैसे गहराई में उपस्थित गर्म पानी के झरने) और यूकेरिया (सत्य-केंद्रकी)। यूकेरिया के अंतर्गत फफूंद, कृमि और मक्खियों, मनुष्य और पौधों समेत वे सारे जीव आते हैं, जो बैक्टीरिया या आर्किया नहीं हैं।
जैव विकास के अध्ययन का बुनियादी संदर्भ बिंदु वह है जिसे आधुनिक वैकासिक संश्लेषण कहते हैं। इसके तहत चार्ल्स डारविन के विचारों और ग्रेगर मेंडल के विचारों के बीच तालमेल बनाया गया है। चार्ल्स डारविन जहां जैव विकास के प्रवर्तक हैं वहीं मेंडल आधुनिक जेनेटिक्स के। आधुनिक संश्लेषण कहता है कि जैव विकास आम तौर पर उत्परिवर्तनों (म्यूटेशन्स) के ज़रिए होता है। ऐसे प्रत्येक उत्परिवर्तन का हल्का-सा असर होता है। और जिस जेनेटिक रूप से परिवर्तित जीव में थोड़ी ज़्यादा जीवनक्षमता (फिटनेस), जिसे संतान पैदा करने की क्षमता के आधार पर परिभाषित किया जाता है, होती है वह अन्य से आगे निकल जाता है और उसकी संख्या बढ़ जाती है। इसमें से दूसरे बिंदु को प्राय: प्राकृतिक चयन या 'सर्वोत्तम की उत्तरजीविता' कहते हैं। डारविन के शब्दों में, "एक सामान्य नियम है जो सारे सजीवों की प्रगति का मार्ग है - संख्यावृद्धि करो, विविधता बनाए रखो और सबसे शक्तिशाली को जीने दो, सबसे दुर्बल को मर जाने दो।"

जैव विकास के बारे में आम तौर पर यह माना जाता है कि वह करोड़ों-अरबों सालों में होता है। उदाहरण के लिए, यूकेरिया के साझा पूर्वज लगभग 2 अरब वर्ष पहले अस्तित्व में रहे होंगे और इन कई युगों ने जीवन के कई रूपों को जन्म दिया है, जो आज हमें दिखाई देते हैं। ज़्यादा हाल के वर्षों में देखें, तो करीब 1.5 करोड़ वर्ष पहले वनमानुष अस्तित्व में आए, और इसके बाद अपने वनमानुष पूर्वजों से आदिम मनुष्यों के विकास में करीब 1.2 से 1.3 करोड़ साल और लगे।
मगर फिलहाल तो हम इस पचड़े में नहीं पड़ेंगे कि वैज्ञानिकों ने आदिकालीन अजैविक रसायनों की खिचड़ी में से जीवन की उत्पत्ति को समझने की किस तरह की कोशिशें की हैं। यहां हम यह समझने का प्रयास करेंगे कि वैज्ञानिक अपनी प्रयोगशालाओं में जैव विकास की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप में देखने के लिए क्या तरीके अपनाते हैं।
जीते-जागते विकास का अवलोकन

वास्तविक समय में प्रयोगशाला में बड़े पशुओं के विकास का अध्ययन करना अव्यावहारिक है क्योंकि ये जीव कुछेक दशकों में एक बार प्रजनन करते हैं और माता-पिता से थोड़े अलग जेनेटिक संघटन वाली विविधतापूर्ण संतानें पैदा होना जैव विकास के लिए अनिवार्य है। तो प्रयोगशालाओं में जैव विकास के अध्ययन का काम कोशिकाओं के साथ किया जाता है। इसके अलावा, इस अध्ययन के लिए कोशिकाओं की ऐसी बड़ी आबादियों का अध्ययन किया जाता है जो जल्दी-जल्दी प्रजनन करती हैं, जैसे ई. कोली सरीखे बैक्टीरिया और खमीर।

चूंकि बैक्टीरिया और खमीर एक-कोशिकीय जीव हैं, इसलिए ऐसे अध्ययनों के बारे में कहा जा सकता है कि इनमें किसी जीव के विकास का अध्ययन किया जा रहा है। वायरस भी जैव विकास के अध्ययन के लिए अच्छे मॉडल हैं। यहां हम प्रयोगशालाओं में बैक्टीरिया का उदाहरण लेकर बताएंगे कि जैव विकास का अवलोकन कैसे किया जाता है और यह भी स्पष्ट करेंगे कि इस ऐतिहासिक विवरण में वायरसों का क्या योगदान रहा है।
प्रयोगशाला में विकास के प्रयोग में किसी पसंदीदा बैक्टीरिया को निर्धारित परिवेश में कई बार पनपाया जाता है। परिवेश को हम पोषक तत्वों, या तापमान व अम्लीयता में परिवर्तन जैसे तनावों या एंटीबायोटिक अथवा अन्य विषैले पदार्थों की सांद्रता के आधार पर परिभाषित करते हैं।
मान लीजिए कि जिस बैक्टीरिया आबादी के साथ हमने शुरुआत की थी वह किसी एंटीबायोटिक के प्रति संवेदी थी (यानी उससे प्रभावित होती थी)। मगर उसके जीनोम में एक अकेला उत्परिवर्तन प्रतिरोध पैदा कर सकता है। यह भी मान लेते हैं कि प्रयोग के बर्तन में 10 लाख बैक्टीरिया हैं और प्रत्येक बैक्टीरिया के जीनोम में 10 लाख इकाइयां (यानी क्षार) हैं जिनमें से हरेक में सिद्धांतत: उत्परिवर्तन हो सकता है और बेतरतीब ढंग से उत्परिवर्तन की संभाविता प्रति दस पीढ़ी में एक है। लिहाज़ा, किसी उत्परिवर्तन के द्वारा किसी एक बैक्टीरिया में प्रतिरोध पैदा होने की संभावना प्रति पीढ़ी दस लाख में एक (0.0000001) है जो काफी कम है।
अलबत्ता, हमने शुरुआत 10 लाख बैक्टीरिया से की है। इसका मतलब है कि उस बर्तन में किसी एक बैक्टीरिया में उत्परिवर्तन की संभावना 10 में 1 है। यह कोई छोटी संभाविता नहीं है। यदि बैक्टीरिया में औसतन हरेक घंटे में प्रजनन करके आबादी दुगनी हो जाती है, तो एक दिन के अंदर प्रतिरोधी बैक्टीरिया के नज़र आने की संभावना काफी अधिक हो जाती है। (इसकी तुलना किसी स्तनधारी से कीजिए जो कुछेक दशकों में एक बार प्रजनन करते हैं।) यदि एक अकेला प्रतिरोधी बैक्टीरिया भी तैयार हो जाता है तो वह जल्दी ही पूरी आबादी पर हावी हो जाएगा। हाल में जीनोम अनुक्रमण की तकनीक में काफी प्रगति हुई है और ऐसे प्रयोगों की लागत भी कम हुई है। इसके परिणामस्वरूप उत्परिवर्तनों की खोज की प्रक्रिया काफी आम हो गई है।

कुछ उदाहरण

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कई प्रयोगशालाओं में (मेरी अपनी प्रयोगशाला में भी) एंटीबायोटिक की कम सांद्रता में बैक्टीरिया को पनपाकर उन उत्परिवर्तनों के मार्ग खोजने के प्रयास हुए हैं जो अलग-अलग एंटीबायोटिक के खिलाफ या एंटीबायोटिक के किसी उपचार-क्रम के खिलाफ प्रतिरोध प्रदान करते हैं। यह सचमुच चंद दिनों की अवधि में बैक्टीरिया के विकास का प्रत्यक्ष अवलोकन है और यह मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से प्रासंगिक भी है।

प्रयोगशाला में किए गए इन अध्ययनों से हमें बैक्टीरिया की बुनियादी शरीर क्रिया (कार्यिकी) के बारे में काफी कुछ समझ में आया है। इनमें कनाडा के विलियम नवारे की प्रयोगशाला का यह ताज़ा अवलोकन शामिल है कि एक अकेला प्रोटीन टायफॉइड-जनक साल्मोनेला में कई अन्य प्रोटीन के उत्पादन का नियमन करता है और यह प्रोटीन बैक्टीरिया द्वारा रोग पैदा करने के लिए अनिवार्य है। इस प्रोटीन के अभाव में साल्मोनेला के लिए उन अस्त्रों का रख-रखाव बहुत महंगा हो जाता है जिनके दम पर यह टाइफॉइड उत्पन्न करता है। इतनी अधिक लागत को सहन न कर पाने की वजह से साल्मोनेला हाथ खड़े कर देता है और शांति के प्रयास करता है।

कई अन्य अध्ययनों में ऐसे प्रयोगों का उपयोग उत्परिवर्तन की दर नापने के लिए किया गया है। विकास के अध्ययन की दृष्टि से उत्परिवर्तन की दर का बहुत महत्व है। इसका महत्व संक्रामक रोगों के प्रसार के अध्ययन में भी है।

हमने अपने काम के दौरान ई. कोली के विकास का अध्ययन करके यह दर्शाया कि इस बैक्टीरिया के गुणसूत्र के दो अर्धांश एक-दूसरे से कैसे 'वार्तालाप' करते हैं। इसके आधार पर इस वार्तालाप के आणविक कारणों को लेकर सवाल उठे हैं। मेरी सहकर्मी दीपा आगाशे की प्रयोगशाला में विकास के अध्ययन का उपयोग यह दर्शाने के लिए किया गया है कि उत्परिवर्तनों का एक समूह है जो कोशिका में बनने वाले प्रोटीन्स की प्रकृति को प्रभावित नहीं करते, मगर इनका कोशिका की कार्यिकी पर ज़बर्दस्त असर हो सकता है।

जैव विकास सम्बंधी सबसे मशहूर प्रयोगशाला अध्ययन यूएस के रिचर्ड लेंस्की की प्रयोगशाला में चल रहा है। वे पिछले तीस वर्षों से ई. कोली में विकास करवा रहे हैं और करीब 50,000 पीढ़ियां पैदा करवा चुके हैं। तुलना के लिए, मनुष्यों में 50,000 पीढ़ी की अवधि शायद 10 लाख सालों की होगी।

लेंस्की के अध्ययनों में एक महत्वपूर्ण खोज यह है कि उत्परिवर्तनों की एक अजीबोगरीब श्रृंखला होती है जो ई. कोली को साइट्रिक अम्ल का उपयोग करने में समर्थ बना देती है। (ई. कोली सामान्यत: साइट्रिक अम्ल का उपयोग नहीं कर पाता। साइट्रिक अम्ल नींबू, संतरे, मौसम्बी का एक प्रमुख घटक होता है और ऊर्जा उत्पादन की कोशिकीय क्रिया का एक महत्वपूर्ण मध्यवर्ती पदार्थ है।) यह मामला सर्वोत्तम की उत्तरजीविता का लगता है - तर्क यह है कि इस उत्परिवर्तन ने ई. कोली को उस ढेर सारे साइट्रिक अम्ल के उपयोग में समर्थ

बनाया है जो शायद पर्यावरण में पोषण के उद्देश्य से नहीं पहुंचा है।

एक बात यह है कि लेंस्की के अध्ययनों के मशहूर होने का एक परिणाम यह हुआ है कि इसने सृष्टिवादियों (खासकर इंटेलिजेंट डिज़ाइन के समर्थकों) का ध्यान आकर्षित किया है जिसमें से कुछ रोचक चर्चाएं उभरी हैं।

आणविक जीव विज्ञान के शुरुआती वर्षों में जैव विकास

बैक्टीरिया-भक्षी वायरसों की खोज को करीब 100 वर्ष हो गए हैं। बैक्टीरिया-भक्षी वायरसों की खोज आणविक जीव विज्ञान में एक युगांतरकारी घटना थी। इसने जैव विकास पर निर्णायक शोध को संभव बनाया क्योंकि ये वायरस काफी तेज़ी से बहुगुणित होते हैं और जेनेटिक विविधता का पहाड़ खड़ा कर देते हैं जिसके आधार पर प्राकृतिक चयन अपना काम कर सकता है।

फेलिक्स डी'हेरेल ने दर्शाया है कि बैक्टीरिया-भक्षी वायरस अपने शिकार को लेकर काफी नखरैल होते हैं। अर्थात प्रत्येक बैक्टीरिया-भक्षी किसी विशिष्ट किस्म के बैक्टीरिया को ही संक्रमित करके मारता है। डी'हेरेल बैक्टीरिया-भक्षी के खोजकर्ताओं में से एक हैं और ऐसे बैक्टीरिया-भक्षी वायरसों की मदद से उपचार के अग्रणी शोधकर्ता हैं। सूक्ष्मजीवों में प्रतिरोध की समस्या के चलते शायद इस तरह के उपचार को एक बार फिर मौका मिलेगा। अलबत्ता, डी'हेरेल ने यह भी दर्शाया है कि यदि बैक्टीरिया-भक्षी वायरसों की एक जमात को ऐसे बैक्टीरिया के संपर्क में रखा जाए जो उसके पसंदीदा बैक्टीरिया से मिलते-जुलते हों, तो ये वायरस जल्दी ही नए शिकार को अपना भोजन बनाने की सामर्थ्य हासिल कर लेते हैं।

आगे चलकर 1940 के दशक में साल्वेडोर लूरिया और मैक्स डेलब्रुक ने बैक्टीरिया-भक्षियों और बैक्टीरिया को लेकर कुछ सुंदर प्रयोग करके जैव विकास के एक महत्वपूर्ण सवाल को संबोधित करने की कोशिश की थी। मान लीजिए कि बैक्टीरिया की एक जमात है जो मूल रूप से एक बैक्टीरिया-भक्षी द्वारा खाए जाने के योग्य है मगर आगे चलकर यह आबादी इस हमले के खिलाफ प्रतिरोधी हो जाती है। सवाल यह है कि क्या इन बैक्टीरिया ने वायरस से संपर्क के बाद ये लाभदायक उत्परिवर्तन उत्पन्न किए हैं या क्या प्राकृतिक चयन ने पहले से मौजूद (संयोगवश पैदा हुई) विविधता में से चुनाव किया है? इसे आम तौर पर अनुकूलन-आधारित विकास की बहस कहा जाता है।

लूरिया और डेलब्रुक ने बहुत ही आसान से सूक्ष्मजीव वैज्ञानिक प्रयोग किए थे जिनमें बैक्टीरिया की कई स्वतंत्र आबादियों को बैक्टीरिया-भक्षियों के संपर्क में रखा गया। शोधकर्ताओं ने यह मापन किया कि बैक्टीरिया के प्रतिरोधी रूप किस गति से पैदा होते हैं। अपने प्रयोगों से प्राप्त परिणामों की तुलना उन्होंने इस प्रक्रिया के दो वैकल्पिक संभाविता आधारित मॉडल्स से की। इसके आधार पर वे दर्शा पाए कि बाद वाली प्रक्रिया (यानी पहले से मौजूद विविधता में से चयन) ज़्यादा संभव है। इस प्रयोग को 'उतार-चढ़ाव परीक्षण' या 'फ्लक्चुएशन टेस्ट' कहते हैं।

यह वैज्ञानिक विमर्श की ताकत का प्रतीक है कि इन आसान से प्रयोगों के परिणामों पर आज भी गणितज्ञ और सैद्धांतिक जीव वैज्ञानिक नए-नए दृष्टिकोणों से चर्चा कर रहे हैं। और आणविक व वैकासिक जीव वैज्ञानिकों की नज़र में अनुकूलन-आधारित विकास का सवाल आज भी बहस का विषय बना हुआ है। **(स्रोत फीचर्स)**

A Human History of Infectious Agents and the Reality of Antimicrobial Resistance

Aswin Sai Narain Seshasayee

With great confidence and supposed vision, we decided that infectious diseases were a done deal, and research funding for these areas were curtailed. Unfortunately, we did not factor in evolution.

A major challenge in medicine and the biomedical sciences today is the problem of antibiotic resistance, the phenomenon by which agents of infectious diseases – bacteria being most relevant to this article – no longer respond to treatment with the 'miracle drugs'. Let's understand this phenomenon by tracing the roles of infectious diseases in human history; our approaches to understanding and treating them over millennia; the recent use and abuse of antibiotics and the resultant spread of antibiotic resistance; the antiquity of antibiotics in natural environments and the inevitability of resistance; and the way forward.

Infectious diseases in human history

Infectious diseases have kept a check on humanity for many thousands of years. The explosive increase in human population densities consequent to the development of agriculture, and later the organisation of societies into city states, would have caused a rapid spread of contagion. One might even go the distance of proposing that the ability to multiply and spread within such highly dense populations by causing disease would have favoured the evolution of virulence in some bacteria. The real picture is probably more complicated than this simple-minded view, but we are probably not entirely off the mark.

